PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/
मंगलवार,25,नवंबर,2025 



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## Dharmendra: 'अपने पीछे एक सन्नाटा छोड़ गए'

### धर्मेंद्र के निधन पर भावुक हुए अमिताभ; बोले- इंडस्ट्री बदली वो नही




बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से फिल्मी दुनिया के लोग सदमे में हैं। बॉलीवुड से लेकर साउथ के कई दिग्गज कलाकार उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी कड़ी में धर्मेंद्र के साथी कलाकार और सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने उनके निधन पर भावुक पोस्ट की है और दुख जताया है। आइए जानते हैं उन्होंने पोस्ट में क्या लिखा है? अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक पोस्ट में धर्मेंद्र के बारे में लिखा 'एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए। अपने पीछे वह एक सन्नाटा छोड़ गए। धरम जी। वह अपने आप में मिसाल थे। वह न सिर्फ अपनी शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और बेहतरीन सादगी के लिए जाने जाते थे। वह अपने साथ पंजाब के उस गांव की मिट्टी की खुशबू लाए थे, जहां से वह आए थे। वह उस मिट्टी के मिजाज के प्रति सच्चे रहे। जिस उद्योग ने हर दशक बदलाव देखे, वहां अपने शानदार करियर में वह बेदाग रहे।'

## Parliament: संसद के शीत सत्र में विपक्ष से न हो टकराव, सरकार का 30 नवंबर को सर्वदलीय बैठक का प्रस्ताव



केंद्र सरकार ने लगातार हंगामे की भेंट चढ़ रहे संसद सत्र को ठीक ढंग से चलाने के लिए सभी विपक्षी दलों को बातचीत के लिए साथ लाने की कोशिश शुरू कर दी है। न्यूज एजेंसी एएनआई के सूत्रों के मुताबिक, इसी कड़ी में संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने 30 नवंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। केंद्र सरकार इसके जरिए शीत सत्र की कार्यवाही को ठीक ढंग से चलाने को लेकर सहमति बनाने की कोशिश करेगी। बता दें कि संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है और सरकार इस बार 10 नए विधेयक (बिल) पेश करने की तैयारी में है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है 'परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025', जो देश के नागरिक परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का रास्ता बनाएगा। अब तक यह क्षेत्र पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में रहा है। सरकार का कहना है कि यह नया कानून परमाणु ऊर्जा के उपयोग और उसके नियमन से जुड़े ढांचे को आधुनिक और प्रभावी बनाएगा। इससे देश में ऊर्जा उत्पादन और तकनीकी विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## Ethiopia Volcano

### विस्फोट के बाद राख का विशाल गुबार भारत की ओर, उड़ानें प्रभावित; DGCA ने जारी की एडवाइजरी




पूर्वी अफ्रीकी देश इथियोपिया के हैली गुबी ज्वालामुखी में 12,000 साल बाद हुए विस्फोट से निकले राख का विशाल गुबार अब भारत के आसमान तक पहुंच गया है, जिसके चलते उड़ान संचालन को लेकर बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। घने राख बादल के कारण कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द हुईं। समय रहते नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइनों को प्रभावित क्षेत्रों से बचने, रूट बदलने और सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। जारी बयान के अनुसार इसका सबसे ज्यादा असर अभी तक दिल्ली-एनसीआर व उत्तर भारत के क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है।

## AMU में महिला हिंसा के विरुद्ध जागरूकता

### महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान पर विशेष कार्यक्रम




एसिड अटैक सर्वाइवर और समाजसेवी लक्ष्मी अग्रवाल एएमयू (अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी) कैंपस पहुँचीं, छात्रों और शिक्षकों ने तालियों और गर्मजोशी भरे सम्मान के साथ उनका स्वागत किया। उनकी एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं वहां जुटे हुए थे। कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मी अग्रवाल ने छात्रों से खुलकर संवाद किया और अपनी दर्द भरी, लेकिन प्रेरणादायक जीवन यात्रा साझा की। अपने संघर्षों की कहानी सुनाते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक भयावह हादसे के बाद भी उन्होंने उम्मीद और हिम्मत का दामन नहीं छोड़ा।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा,

**"ज़िंदगी में कुछ भी हो जाए, लेकिन कभी भी अपनी हिम्मत को मरने मत देना।"**

उनके ये शब्द सुनकर पूरा सभागार भावुक हो उठा और कई छात्रों की आंखों में आंसू भी झलक आए। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने खड़े होकर तालियों के साथ उनका आभार व्यक्त किया। **लक्ष्मी अग्रवाल** की यह मुलाकात छात्रों के लिए सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन में संघर्ष और साहस का एक जीवंत उदाहरण बन गई।





## राम मंदिर में ध्वजारोहण

### सनातन के शिखर पर आज पीएम मोदी लहराएंगे भगवा ध्वज, इन 32 मिनट में होंगे सभी अनुष्ठान




रामनगरी मंगलवार को ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराएंगे। ध्वजारोहण का यह महापर्व परंपरा, आस्था और राष्ट्रभावना का अनोखा संगम बनेगा। ध्वजारोहण का शुभ मुहूर्त 11:58 से दोपहर 12:30 बजे तक है। 32 मिनट का यह शुभ योग भगवान श्रीराम के जन्म नक्षत्र अभिजीत मुहूर्त से मेल खाता है। ध्वजारोहण समारोह के लिए 21 नवंबर से चल रहे अनुष्ठानों की भी पूर्णाहुति मंगलवार को होगी। सुबह छह से 10 बजे तक अनुष्ठान होंगे। प्रधानमंत्री राम दरबार व गर्भगृह में रामलला के दर्शन कर पूजन करेंगे। यहां से वह सप्तऋषि मंदिर और फिर माता अन्नपूर्णा मंदिर में प्रार्थना कर मुख्य समारोह में भाग लेंगे। चार से पांच मिनट के संक्षिप्त ध्वजारोहण अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री बटन दबाकर ध्वज फहराएंगे। सात हजार अतिथि समारोह के साक्षी बनेंगे, मेडिकल कॉलेज में सेफ हाउस बनाया गया है,

## कर्नाटक में 10 सरकारी अफसरों के ठिकानों पर लोकायुक्त की छापेमारी, आय से अधिक संपत्ति का मामला

कर्नाटक लोकायुक्त ने मंगलवार को आय से अधिक संपत्ति से जुड़े मामले में राज्य के 10 सरकारी अधिकारियों के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। अफसरों ने बताया कि तड़के शुरू हुई इस कार्रवाई को आरोपी अधिकारियों से जुड़ी अलग-अलग जगहों पर अंजाम दिया गया।




- लोकायुक्त अधिकारियों के मुताबिक, जिन अधिकारियों पर छापे मारे गए, उनमें मांड्या की टाउन म्युनिसिपैलिटी के मुख्य लेखा अधिकारी, पुट्टास्वामी सी.
- हावेरी स्थित प्रोजेक्ट डायरेक्टर कार्यालय में कार्यकारी अभियंता शेखप्पा
- इलेक्ट्रॉनिक सिटी, बेंगलुरु में आरटीओ कार्यालय अधीक्षक कुमारस्वामी पी.

और पीडब्ल्यूडी, मैसूरु-मडिकेरी में सहायक कार्यकारी अभियंता गिरीश डी एम. शामिल हैं। लोकायुक्त के सूत्रों ने बताया कि छापों के नतीजों के बारे में विस्तृत जानकारी बाद में साझा की जाएगी।

# Aaj Ka Rashifal 25 November

## इन पांच राशि वालों को मिलेगा भाग्य का साथ और आय में जबरदस्त इजाफा

25 November Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 25 नवंबर 2025 का राशिफल। आज 25 नवंबर, मंगलवार का दिन है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर मकर राशि में होगा। इसके अलावा चंद्रमा उत्तराषाढ़ा नक्षत्र से संचार करते हुए गुरु से समसप्तक और मंगल-सूर्य से त्रिएकादश योग बना हुआ।



### मेष

आज आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहेगा, लेकिन आपके शत्रु भी आपका काम बिगड़ने की पूरी कोशिश करेंगे। आपकी धार्मिक कामों में भी काफी रुचि रहेगी। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए आगे आएंगे। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा, तभी वह समय से पूरे हो सकेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सावधानी बरतनी होगी, क्योंकि उनके सेहत में कोई समस्या खड़ी हो सकती है।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। समाज में आपके अच्छे कामों की सराहना होगी और आपके मान-सम्मान में भी वृद्धि होगी। आप कोई काम समय से पूरा करने के लिए समय निकालेंगे। आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करें, इसलिए किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं। आपके रहन-सहन के स्तर में सुधार आएगा।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। नौकरी बदलने का प्रयास कर रहे लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप काम को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे, लेकिन फिर भी आप परिवार के सदस्यों के लिए समय निकालेंगे, जिससे आपको उनके मन में चल रही समस्याओं को दूर करने का मौका मिलेगा।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला रहेगा। पार्टनरशिप में आप कोई व्यवसाय करने की ना सोंचे। यदि आप किसी सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट करने की सोच रहे हैं, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया दिया था, तो आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है। पिताजी की सेहत में गिरावट आ सकती है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आप अपने दोस्तों के साथ समय बिताएंगे और अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे। राजनीति से जुड़ा कोई मामला आज सुलझ जाएगा, जो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने कामों को धैर्य व संयम से निपटाने की आवश्यकता है। मित्रों का सहयोग आप पर बना रहेगा। आपको परिवार के सदस्यों के साथ किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। लंबे समय से चली आ रही परेशानी दूर होंगी। आपको अपने गुस्से पर काबू रखना होगा और यदि आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे आप समय रहते पूरा करने की कोशिश करें। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। संतान पढ़ाई-लिखाई को लेकर किसी नए कोर्स में दाखिला ले सकती है। माता-पिता की सेवा के लिए भी आप समय निकालेंगे, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी।

### तुला

आज का दिन आपके लिए इन्कम को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपनी इन्कम के बढ़ने से काफी खुश होंगे। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। कुछ नए लोगों से आपकी जान पहचान बढ़ेगी। बेवजह के भागदौड़ अधिक रहेगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन संबंधित मदद मिल सकती है, जिससे आपको खुशी होगी। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लगने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको यदि किसी बात को लेकर कोई समस्या चली आ रही है, तो वह भी दूर होगी। आपके मन में किसी काम को लेकर कोई उलझन है, तो उसे दूर करने की कोशिश करें। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे और परिवार के सदस्यों के साथ आप आनंदमय में समय व्यतीत करेंगे, लेकिन आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है।

### धनु

आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतने के लिए रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको कोई जोखिम लेने से बचना होगा। आप किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखें। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। अपने बॉस से आप किसी काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपकी कोई रुकी हुई डील फाइनल हो सकती है।

### मकर

आज आपको पारिवारिक जीवन में सफलता मिलेगी। आपको अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई पर पूरा फोकस बनाएंगे, तभी उन्हें किसी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा, जो विद्यार्थी विदेश जाने की योजना बना रहे थे, तो उन्हें अच्छी सफलता हासिल होगी।

### कुंभ

आज आप अपनी जरूरत के हिसाब से खर्च करें, तो बेहतर रहेगा। आप दिखावे के चक्कर में ना पड़ें। आप संतान की करियर से निर्णय ले सकते हैं। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपको अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है। पैतृक संपत्ति को लेकर कोई नया विवाद खड़ा हो सकता है। आज आप मित्रों के साथ आनंद में समय व्यतीत करेंगे। परिवार में किसी सदस्य के विवाह के बाद पक्की हो सकती है।

### मीन

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। वैवाहिक जीवन भी आनंदमय रहेगा और आपके चारों ओर का माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी मिलने से काफी खुश होंगे। किसी कानूनी मामले में आपको जीत मिलती दिख रही है। आपकी किसी नये काम के प्रति रुचि जागृत होगी। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ टाइम स्पेंड करेंगे और धन को लेकर कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। माता-पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। भाई व बहनों के साथ से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

आज 25 नवंबर, मंगलवार का दिन है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर मकर राशि में होगा। इसके अलावा चंद्रमा उत्तराषाढ़ा नक्षत्र से संचार करते हुए गुरु से समसप्तक और मंगल-सूर्य से त्रिएकादश योग बना हुआ। आज के दिन मंगल स्वराशि में होने से रुचक राजयोग भी बनेगा। ऐसे में आज के दिन मेष, मिथुन और मकर राशि वालों के लिए दिन शुभ और लाभदायक रहेगा आइए जानते हैं आज का राशिफल। राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है,

# उत्तर भारत में बढ़ने लगी सर्दी,

## कश्मीर में माइनस 5 डिग्री पहुंचा तापमान



उत्तर भारत में अब सर्दी बढ़ने लगी है। कश्मीर में माइनस 5 डिग्री तक तापमान पहुंच गया है। पंजाब में भी कुछ जगहों पर पारा पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे गोता लगा रहा है।बारिश के बाद उत्तर भारत अब सर्दी की चपेट में आते जा रहा है। कश्मीर घाटी में कई जगहों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया है। पंजाब में भी कुछ जगहों पर पारा पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे गोता लगा रहा है। वहीं, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के तीन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में बारिश का प्रकोप बना हुआ है। कुछ तटीय जिलों में तेज बारिश को लेकर ऑरेंज और कुछ में यलो अलर्ट जारी किया गया है।केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में रविवार की रात इस सीजन की सबसे सर्द रात रही और पारा शून्य से 3.2 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। कश्मीर घाटी में शोपियां माइनस 5.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे ठंड रहा। पुलवामा में न्यूनतम तापमान शून्य से पांच डिग्री नीचे रहा, जबकि अनंतनाग में माइनस चार डिग्री और उत्तर कश्मीर के गुलमर्ग में माइनस 1.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। कश्मीर को लद्दाख से जोड़ने वाले जोजिला पास में पारा लुढ़कर शून्य से 16 डिग्री नीचे चला गया है।पंजाब और हरियाणा में भी कड़ाके की ठंड ने दस्तक देनी शुरू कर दी है।

पंजाब के फरीदकोट में सबसे कम 4.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। रविवार को भी फरीदकोट सात डिग्री तापमान के साथ प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान रहा। हरियाणा में 7.8 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ नारनौल सबसे ठंडा स्थान रहा। दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और बठिंडा का तापमान भी इतना ही रहा।मौसम विभाग ने पश्चिम बंगाल के लगभग सभी जिलों में अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो डिग्री तक गिरावट का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है।

# Delhi Pollution:दिल्ली में 'जहरीली' हवा,

## दिल्ली में 'जहरीली' हवा, AQI 400 के पार, NCR तक वायु प्रदूषण का गंभीर स्तर




Delhi-NCR AQI Today: राजधानी में सोमवार सुबह हवा गंभीर श्रेणी की दहलीज पर पहुंच गई। दिल्ली-गाजियाबाद बॉर्डर के पास गाजीपुर इलाके में स्मॉग की एक परत छाई हुई है। जहां एक्यूआई 441 रिकॉर्ड किया गया। राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, गाजीपुर इलाके में वायु गुणवत्ता सूचकांक 441 दर्ज किया गया है, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। इस गंभीर स्तर के वायु प्रदूषण के कारण गाजीपुर सहित दिल्ली के कई हिस्सों में स्मॉग की मोटी चादर छाई हुई है। फरीदाबाद का प्रदूषण स्तर चिंताजनक बना हुआ है। बल्लभगढ़ में अपर्याप्त डेटा उपलब्ध है, जबकि एनआईटी क्षेत्र में 266 (गंभीर), सेक्टर 11 में 245 (खराब) और सेक्टर 30 में 205 एक्यूआई (मध्यम से खराब) दर्ज किया गया है। PM2.5 और PM10 मुख्य प्रदूषक हैं। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि बाहर कम समय बिताएं, मास्क पहनें और स्वास्थ्य प्रभावों से सावधान रहें। वायु गुणवत्ता सूचकांक का 401 से 500 के बीच होना 'गंभीर' श्रेणी में गिना जाता है। इस स्तर का प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक होता है। गंभीर वायु प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन, गले में खराश और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और पहले से ही श्वसन संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए यह स्थिति जानलेवा साबित हो सकती है

# धर्मेंद्र के निधन से पसरा सन्नाटा

## वीरू के लिए जय ने आधी रात को लिखा पोस्ट



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का सोमवार 24 नवंबर को निधन हो गया। मुंबई के विले पार्ले स्थित पवन हंस श्मशान भूमि में अभिनेता का अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन के बाद इंडस्ट्री में मातम पसरा है। ।धर्मेंद्र इस दुनिया को अलविदा कह गए, मगर अपने पीछे एक सन्नाटा छोड़ गए हैं। एक ऐसा स्थान, जिसे कोई नहीं भर पाएगा। हर कोई उन्हें अपने-अपने अंदाज में याद कर रहा है। अमिताभ बच्चन ने आधी रात को अपने जिगरी दोस्त के लिए पोस्ट लिखा। तमाम अन्य सितारे भी सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी तट पर धर्मेंद्र की विशाल रेत कलाकृति बनाकर दिवंगत अभिनेता को श्रद्धांजलि दी है। सुदर्शन पटनायक ने ही-मैन की पांच फीट की रेत कलाकृति बनाई है। अभिनेता, निर्माता-निर्देशक अतुल अग्निहोत्री ने धर्मेंद्र को याद करते हुए आज मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, 'लीजेंड हमेशा जिंदा रहते हैं'।अभिनेता जयदीप अहलावत ने धर्मेंद्र के साथ इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने धर्मेंद्र के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'कुछ नहीं है ऐसा जो कह पाऊंगा। बस इतना कि आपने जो प्यार दिया मुझे उन थोड़े से दिनों में, मैं वो उम्र भर याद रखूंगा सर। आप बहुत याद आएंगे। यह दुनिया सिर्फ और सिर्फ जट्ट यमला पगला दीवाना को याद करेगी। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दें'।धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। इसी कड़ी में धर्मेंद्र के साथी कलाकार और सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने उनके निधन पर भावुक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने लिखा है, 'एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए। अपने पीछे वह एक सन्नाटा छोड़ गए। धरम जी। वह अपने आप में मिसाल थे। वह न सिर्फ अपनी शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और बेहतरीन सादगी के लिए जाने जाते थे। वह अपने साथ पंजाब के उस गांव की मिट्टी की खुशबू लाए थे, जहां से वह आए थे। वह उस मिट्टी के मिजाज के प्रति सच्चे रहे।

## 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' से लेकर 'कलंक' तक

### भारी-भरकम कास्ट होने के बावजूद दर्शकों को नहीं रिझा सकीं



Bollywood Films: आज हम आपको बॉलीवुड की उन फिल्मों के बारे में बताने वाले हैं, जिनमें बड़े कलाकार रहे। हालांकि ये फिल्में दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने में नाकाम रहीं।बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जिनमें कई बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। कई फिल्मों में अच्छे विजुअल, अच्छे म्यूजिक और अच्छी कहानी रही। हालांकि ये फिल्में उम्मीद के मुताबिक दर्शकों को अपनी तरफ खींचने में नाकाम रहीं। बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। आलोचकों से भी इन फिल्मों को सराहना नहीं मिली।साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'सर्कस' में रणवीर सिंह, वरुण शर्मा, पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडिस जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। हालांकि कमजोर कहानी की वजह से इसे बहुत कम दर्शक मिले और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।फिल्म 'कलंक' (2019) में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आलिया भट्ट, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर ने अभिनय किया था। इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी थी। आलोचकों ने कलाकारों के हिसाब से इसकी कहानी को कमजोर बताया था। हालांकि इसके विजुअल अच्छे थे।

## धर्मेंद्र के निधन पर राम चरण-जयदीप अहलावत ने जताया शोक लिखा- 'स्टार जिसने भारतीय सिनेमा का चेहरा बदल दिया



Dharmendra: दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 89 साल की उम्र में निधन हो गया। धर्मेंद्र के निधन से हर कोई दुखी है। टॉलीवुड स्टार राम चरण और कई बड़े सितारों ने महान दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर गहरा दुख जताया है।लंबी बीमारी के बाद 24 नवंबर को धर्मेंद्र का 89 साल की उम्र में निधन हो गया। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन की खबर के बाद पूरा बॉलीवुड और साउथ सिनेमा उन्हें भावुक श्रद्धांजलि दे रहा है। धर्मेंद्र के निधन पर साउथ अभिनेता राम चरण ने भी दुख जताया है। राम चरण ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'महान अभिनेता धर्मेंद्र जी के निधन की खबर से बहुत दुखी हुआ। उन्होंने भारतीय सिनेमा को नई पहचान दी और लाखों दिलों को छुआ। उनके परिवार, दोस्तों और फैंस के प्रति मेरी संवेदना।'अभिनेता जयदीप अहलावत ने धर्मेंद्र को याद किया। जयदीप ने आज मंगलवार को इंस्टाग्राम पर दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के साथ एक प्यारी सी तस्वीर शेयर की। यह तस्वीर शायद फिल्म 'इक्कीस' के सेट की है, जहां दोनों ने साथ काम किया था। कैप्शन में जयदीप ने भावुक होकर लिखा, 'कुछ नहीं है ऐसा जो कह पाऊंगा। बस इतना कि आपने जो प्यार दिया मुझे उन थोड़े से दिनों में। मैं वो उम्र भर याद रखूंगा सर। आप बहुत याद आएंगे। यह दुनिया इकलौती जट यमला पगला दीवाना को मिस करेगी।'अमिताभ बच्चन ने धर्मेंद्र के निधन पर शोक जताया और कैप्शन में लिखा, 'एक और महान कलाकार हमसे दूर चला गया। धर्म जी ताकत और बड़े दिल वाले इंसान थे। वे हमेशा सादगी से जिए। पंजाब के अपने गांव की मिट्टी से गहरा लगाव रखते थे। उनकी मुस्कान और गर्मजोशी हर किसी को अपना बना लेती थी। अब हमारे बीच एक बहुत बड़ी कमी रह गई है, जो कभी पूरी नहीं होगी।'


## वीकएंड के बाद

### आधी हुई 'मस्ती 4' की कमाई




Box Office Collection: शनिवार और रविवार के बाद '120 बहादुर', 'मस्ती 4' और 'दे दे प्यार दे 2' की कमाई में गिरावट आई है। आइए जानते हैं सभी फिल्मों का कलेक्शन।सोमवार का दिन फिल्मों की कमाई के लिहाज से मिला-जुला रहा। वीकएंड के बाद '120 बहादुर', 'मस्ती 4' और 'दे दे प्यार दे 2' की कमाई में गिरावट दर्ज की गई है। लगभग सभी फिल्मों ने सोमवार को बराबर कमाई की है। आइए जानते हैं सभी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस सोमवार को कितनी कमाई की है। फरहान अख्तर की अदाकारी वाली फिल्म '120 बहादुर' की बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत नहीं रही। हालांकि वीकएंड पर इसकी कमाई में इजाफा हुआ। इसके बाद फिल्म की कमाई में गिरावट आई है। पहले दिन फिल्म ने 2.25 करोड़ रुपये से खाता खोला। दूसरे इसने 3.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। रविवार को इसने चार करोड़ रुपये कमाए। सोमवार को फिल्म की कमाई 1.40 करोड़ रुपये पर सिमट गई। फिल्म का टोटल कलेक्शन 11.50 करोड़ रुपये हो गया है।इसमें रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी ने अभिनय किया है।वीकएंड के बाद 'मस्ती 4' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में भी गिरावट दर्ज की गई है। पहले और दूसरे दिन फिल्म की कमाई 2.75 करोड़ रुपये रही। रविवार को इस फिल्म ने तीन करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। सोमवार को फिल्म ने 1.50 करोड़ रुपये कमाए। इस तरह से इस फिल्म का टोटल कलेक्शन 10 करोड़ रुपये हो गया है।दे दे प्यार दे 2' 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। पहले दिन फिल्म ने 8.75 करोड़ रुपये से खाता खोला था।

## अभिनेता धर्मेंद्र की अस्थियां लेने पवन हंस श्मशान भूमि पहुंचे पोते करण देओल;



Dharmendra Grandson Karan Deol: दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का सोमवार 24 नवंबर को निधन हो गया। मुंबई के विले पार्ले स्थित पवन हंस श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। आज मंगलवार सुबह धर्मेंद्र के पोते करण देओल दादा की अस्थियां लेने श्मशान भूमि पहुंचे।अभिनेता धर्मेंद्र ने 89 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह दिया। कल सोमवार को पवन हंस श्मशान घाट में बॉलीवुड के ही-मैन का अंतिम संस्कार किया गया जहां फिल्म जगत की दिग्गज हस्तियां भी अभिनेता को आखिरी विदाई देने पहुंचीं। आज मंगलवार सुबह सनी देओल के बेटे व धर्मेंद्र के पोते करण देओल दादा की अस्थियां लेने श्मशान भूमि पहुंचे।न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, सनी देओल के बेटे एक्टर करण देओल को मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट से अपने दादा, जाने-माने एक्टर धर्मेंद्र की अस्थियां ले जाते देखा गया। करण देओल कार में बैठे नजर आ रहे हैं। लाल रंग के कपड़े से ढका अस्थि कलश उनके हाथों में नजर आ रहा है। दादा को खोने की मायूसी उनके चेहरे पर साफ देखी जा सकती है।धर्मेंद्र का बीते दिनों मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उपचार चला। कई दिन अस्पताल में भर्ती रहने के बाद उन्हें 12 नवंबर को छुट्टी दी गई थी। इसके बाद एक्टर के जुहू स्थित आवास पर ही उनके लिए विशेष आईसीयू वॉर्ड बनाया गया था, जहां डॉक्टर और चार नर्सों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा था। फैंस यह उम्मीद लगाए बैठे थे कि ही-मैन स्वस्थ होकर एक बार फिर उनके बीच लौटेंगे, मगर कल 24 नवंबर को फैंस का दिल टूट गया। अभिनेता धर्मेंद्र दुनिया को अलविदा कह गए।दादा को खोने की मायूसी उनके चेहरे पर साफ देखी जा सकती है।

# The Bonus Market Update

## लाल निशान पर खुला शेयर बाजार; सेंसेक्स 100 अंक गिरा, निफ्टी में भी गिरावट




भारतीय बाजार मंगलवार को लाल निशान पर खुला। वहीं पिछले दिन सोमवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 331.21 अंक गिरकर 85,900.71 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 108.65 अंक गिरकर 25,959.50 अंक पर आ गया।

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार लाल निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 9:16 तक 100.46 अंक या 0.12 प्रतिशत गिरकर 84,800.25 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 29.80 अंक या 0.11 प्रतिशत गिरकर 25,929.70 अंक पर बंद हुआ।

## Report: भारतीय परिवारों के खर्च का तरीका बदला

### रोजमर्रा की जरूरतों से आगे बढ़कर संपत्ति बनाने पर जोर



भारतीय परिवारों के खर्च करने के तरीके में बदलाव आ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार अब घर-घर में बजट केवल रोजमर्रा की जरूरतों पर नहीं, बल्कि लंबे समय में उपयोगी साबित होने वाले सामानों पर भी कंद्रित होने लगा है। आइए विस्तार से जानते हैं। भारतीय परिवार अपने खर्च की प्राथमिकताएं तेजी से बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार अब घर-घर में बजट केवल रोजमर्रा की जरूरतों पर नहीं, बल्कि लंबे समय में उपयोगी साबित होने वाले सामानों पर भी कंद्रित होने लगा है। रिपोर्ट के मुताबिक कपड़े और जूते-चप्पलों जैसी बुनियादी जरूरतों की तुलना में पर्सनल गुड्स और खाना पकाने व घरेलू उपकरणों पर खर्च बढ़ा है। खास बात यह है कि यह रुझान केवल उच्च आय वर्ग में ही नहीं, बल्कि निचले 40% आय वाले परिवारों में भी साफ दिखाई दे रहा है। इसमें कहा गया है कि यह बढ़ती जागरूकता, बेहतर वित्तीय पहुंच और मजबूत बाजार कनेक्टिविटी से प्रेरित है। यह उत्पादकता स्तर और जीवर स्तर में सुधार के लिए महत्वपूर्ण संकेत देता है। हाउसहोल्ड कंजम्पशन एक्सपेंडिचर सर्वे 2011-12 और 2023-24 के तुलनात्मक विश्लेषण से पता चला कि मोटर व्हीकल ओनरशिप देश में सभी टिकाऊ परिसंपत्तियों में सबसे तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट बताती है कि वाहन स्वामित्व में यह बढ़ोतरी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच तेजी से घटती खाई को भी दर्शाती है।

## India-China: भारत से लगती सीमा पर चीन लगातार

### बढ़ा रहा ताकत, हवाईपट्टी से लेकर रेल नेटवर्क तक बनाने में जुटा



भारत और चीन के बीच रिश्ते कई मायनों में सुधरते नजर आ रहे हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा से लेकर भारत-चीन हवाई उड़ानों के शुरू होने के मुद्दों के बावजूद सीमा पर चीन की कारस्तानियां रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में चीन ने तिब्बत में एक ड्रोन (मानवरहित हवाई वाहन) परीक्षण केंद्र की स्थापना की है। माना जा रहा है कि 4300 मीटर की ऊंचाई पर बने इस परीक्षण केंद्र में पीएलए और चीनी ड्रोन निर्माता को इन यूएवी के भीषण मौसम और उच्च ऊंचाई वाले हालातों में परीक्षण में मदद मिलेगी इस नई एयरफील्ड में एक 720 मीटर लंबी एक हवाईपट्टी, चार हैंगर्स और प्रशासनिक इमारतें शामिल हैं। गौरतलब है कि तिब्बत के पठार का पहाड़ी इलाका और भीषण मौसम सैन्य अभियानों और रसद पहुंचाने की कोशिशों में काफी चुनौतियां पैदा करता है। इस इलाके में तैनात पीएलए के नए रंगरूटों को कई बार ऊंचाई से होने वाली बीमारियों की वजह से अतिरिक्त ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है।।

## फायदा: म्यूचुअल फंड की चिल्ड्रन स्कीमें दे

### रहीं 15% से ज्यादा रिटर्न, तेजी के समय इक्विटी में बढ़ता है योगदान




छोटे बच्चे के सपनों को साकार करने के लिए बच्चे का आर्थिक भविष्य संवारना अक्सर भारी-भरकम काम लगता है। पढ़ाई का खर्च बढ़ रहा है। बच्चों के सपने बदल रहे हैं। उनके बड़े लक्ष्यों के लिए लगातार लंबे समय तक तैयारी करनी होती है। म्युचुअल फंड की चिल्ड्रन स्कीमें सालाना 15 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे रही हैं। इसके जरिये बच्चों का भविष्य संवारने में मदद मिल सकती है। चिल्ड्रन स्कीमों में अनुशासित निवेश का तरीका व लंबे समय में बेहतर बढ़त की संभावना दोनों मिलते हैं। इनमें पांच साल का लॉक-इन होता है, या फिर जब बच्चा बालिग हो जाए, जो भी पहले हो।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल चिल्ड्रन फंड का लंबा और भरोसेमंद रिकॉर्ड रहा है। इसकी योजना की खासियत इसका बदलते हालात के मुताबिक ढलने वाला निवेश तरीका है। बाजार में स्थिरता की जरूरत हो, तो यह फंड अपने हिस्से का 35 फीसदी तक डेट में निवेश कर सकता है। माहौल अनुकूल हो, तो उसी तेजी से फिर इक्विटी में लौट भी सकता है। इस स्कीम में 31 अगस्त 2001 को 10 लाख रुपये का निवेश 31 अक्तूबर, 2025 तक 3.3 करोड़ रुपये हो गया। यानी 15.58 फीसदी सीएजीआर (चक्रवृद्धि) रिटर्न मिला है। बेंचमार्क में यह निवेश 2.12 करोड़ रुपये (13.46 फीसदी सीएजीआर) बन जाता।

## Warning: विदेशी सिम से 90 दिन

### iPhone-17 एक्टिव करने पर भारी जुर्माना; ग्रे मार्केट पर एपल का बड़ा शिकंजा



एपल के आधिकारिक वितरकों ने भारतीय मोबाइल फोन रिटेलरों को चेतावनी दी है। इसमें कहा है, अगर नए आईफोन, खासकर आईफोन-17 सीरीज को खरीद के 90 दिनों के भीतर विदेशी सब्सक्राइबर आइडेंटिटी मॉड्यूल (सिम) कार्ड से सक्रिय किए गए तो उन्हें भारी जुर्माना देना होगा। इसका उद्देश्य फोनों को अवैध रूप से ग्रे मार्केट में भेजने से रोकना है। हालांकि जुर्माने की सटीक राशि स्पष्ट नहीं है। लेकिन एपल की नीतियों के अनुसार, ऐसे मामलों में खुदरा विक्रेता का स्टोर कोड ब्लॉक हो सकता है। इसका उद्देश्य रूस, अफ्रीका और मध्य पूर्व जैसे उच्च लाभ वाले बाजारों में आईफोन के निर्यात को रोकना है। इस ग्रे मार्केट के कारण भारत में आपूर्ति में कमी आ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय स्टोरों से आईफोन-17 मॉडल तेजी से गायब हो रहे हैं, क्योंकि खुदरा विक्रेता बड़ी मात्रा में विदेशी बाजारों में फोन भेज रहे हैं जहां लाभ मार्जिन अधिक है।

कुल आईफोन निर्यात का 3 से 5 प्रतिशत अनौपचारिक माध्यमों से आता है। इसका आधा हिस्सा रूस जाता है। यहां एपल ने यूक्रेन युद्ध के बाद परिचालन बंद कर दिया था। अकेले अक्तूबर में ही एपल का आईफोन निर्यात 1.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो भारत के कुल स्मार्टफोन निर्यात का एक-तिहाई है। इसके चलते भारत में आईफोन की भारी कमी हो गई है, खासकर 256जीबी और 512जीबी स्टोरेज वाले आईफोन-17 मॉडल्स की। एपल ने नई आईफोन-17 सीरीज पर कैशबैक ऑफर को पहले के 6,000 से घटाकर अब 1,000 रुपये कर दिया है। इससे खरीदारों के लिए फोन और महंगे हो गए हैं।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612


















# IND vs SA Live Score:

## 77 पर द. अफ्रीका को तीसरा झटका, रिकेल्टन-मार्करम के बाद बावुमा भी आउट,



Cricket Score Today IND vs SA 2nd Test Day 4 भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा और आखिरी मुकाबला गुवाहाटी में जारी है। मंगलवार को टेस्ट का चौथा दिन है। द. अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पहली पारी 201 रन पर सिमट गई थी। दक्षिण अफ्रीका भारतीय टीम को फॉलोऑन न खिलाते हुए दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरा और उसकी दूसरी पारी जारी है।

Score IND vs SA: दक्षिण अफ्रीका को तीसरा झटकादक्षिण अफ्रीका को 77 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। वॉशिंगटन सुंदर ने तेम्बा बावुमा को लेग स्लिप में कैच कराया। वह तीन रन बना सके। फिलहाल टोनी डी जॉर्जी और ट्रिस्टन स्टब्स क्रीज पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की बढ़त फिलहाल 365 रन की हो चुकी है। इससे पहले जडेजा ने मार्करम और रिकेल्टन को पवेलियन भेजा था।दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 74 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा। रवींद्र जडेजा ने एडेन मार्करम को क्लीन बोल्ड किया। वह 29 रन बना सके। फिलहाल ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान तेम्बा बावुमा क्रीज पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की कुल बढ़त फिलहाल 362 रन की है। इससे पहले जडेजा ने रिकेल्टन को भी सिराज के हाथों कैच कराया था।दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 59 के स्कोर पर पहला झटका लगा। जडेजा ने रिकेल्टन को सिराज के हाथों कैच कराया। वह 35 रन बना सके। फिलहाल ट्रिस्टन स्टब्स और एडेन मार्करम क्रीज पर हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी के आधार पर 288 रन की बढ़त मिली थी। कुल मिलाकर दक्षिण अफ्रीका की बढ़त 347 रन की हो चुकी है।

# Khelo India University Games: लोहागढ़ स्टेडियम में कुश्ती प्रतियोगिताओं से आगाज, भायीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां




Bharatpur News: भरतपुर के लोहागढ़ स्टेडियम में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों का भव्य शुभारंभ हुआ। कुश्ती मुकाबलों की शुरुआत के साथ सांस्कृतिकप्रस्तुतियों ने माहौल सजाया। विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने इसे युवाओं केलिए बड़ा अवसर बताया। कार्यक्रम में कई अधिकारी और खेल पदाधिकारी उपस्थित रहे।खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों का सोमवार को भरतपुर के लोहागढ़ स्टेडियम में आकर्षक आयोजन के साथ शुभारंभ किया गया। डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह, जिला कलक्टर कमर चौधरी, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली और जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।अतिथियों ने छात्र और छात्रा वर्ग के कुश्ती खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रतियोगिताओं का औपचारिक शुभारंभ किया। खिलाड़ियों में उत्साह और जोश देखने को मिला। इस आयोजन को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत भरतपुर में आयोजित किए जाने से स्थानीय खेल प्रतिभाओं को बड़े मंच पर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिला है।समारोह में कलाकारों ने राजस्थानी घूमर और होली गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। टीएम पब्लिक स्कूल और आर्मी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया गेम्स का शुभारंभ जयपुर स्टेडियम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया है। भरतपुर में कुश्ती और बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं के लिए बड़ा अवसर है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच से शुरू हुआ यह अभियान स्कूली बच्चों को खेलों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। आज युवा खेलों को करियर के रूप में अपनाकर आगे बढ़ रहे हैं, और खेलो इंडिया कार्यक्रम उन्हें एक सुरक्षित भविष्य की दिशा देता है। उन्होंने भरतपुर में इतने बड़े स्तर के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया।

# टीम इंडिया दबाव में!: गुवाहाटी में बल्लेबाजी फेल होने पर हुई गंभीर की आलोचना, फैंस ने ग्रेग चैपल से तुलना



टीम इंडिया के लगातार बदलते बैटिंग ऑर्डर, अनियंत्रित रोटेशन और पिच आधारित रणनीति ने फैंस को नाराज कर दिया है। आलोचकों का आरोप है कि गंभीर खिलाड़ियों को उनके सही बल्लेबाजी स्थान पर टिकने ही नहीं देते।भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर एक बार फिर विवादों के केंद्र में हैं। गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में भारतीय टीम की शर्मनाक बल्लेबाजी ने गंभीर की रणनीतियों और टीम कॉम्बिनेशन पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। कई फैंस और एक्सपर्ट गंभीर की तुलना पूर्व कोच ग्रेग चैपल से कर रहे हैं, जिनके कार्यकाल को भारतीय क्रिकेट का सबसे कठिन दौर माना जाता है।बारसापारा स्टेडियम में भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 489 रन के बड़े अंतर से पिछड़ते हुए जवाब देना था, लेकिन पूरी टीम मात्र 201 पर ढेर हो गई। टीम की शुरुआत संतुलित थी और स्कोरबोर्ड 95/1 दिखा रहा था, लेकिन इसके बाद भारतीय बल्लेबाज ध्वस्त होते चले गए। सिर्फ यशस्वी जायसवाल (58) और वॉशिंगटन सुंदर (48) क्रीज पर टिक पाए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों साइमन हार्मर (3/64) और मार्को यानसेन (6/48) ने भारतीय बल्लेबाजी की कमजोरियों को बेनकाब कर दिया। केएल राहुल (22), ऋषभ पंत (7), और रवींद्र जडेजा (6) जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने निराश किया।पहले टेस्ट में हार और दूसरे टेस्ट में खराब स्थिति के कारण भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2027 क्वालिफिकेशन की उम्मीदें भी कमजोर होती दिख रही हैं।

# Blind T20 WC: कर्नाटक में भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र ने चैंपियन भारतीय टीम को किया सम्मानित, साझा किया वीडियो



भारतीय टीम ने कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में नेपाल को सात विकेट सेहराया था। इस टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार हो रहा था और भारत इस वैश्विक टूर्नामेंट को जीतने में सफल रहा।भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम ने टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। जीत के बाद चैंपियन बेटियों का भारत में जोरदार स्वागत हुआ है। कर्नाटक में भाजपा अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने टी20 दृष्टिबाधित महिला विश्व कप 2025 जीतने वाली टीम इंडिया को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कर्नाटक भाजपा ने इसका वीडियो भी साझा किया है।भारतीय टीम ने कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में नेपाल को सात विकेट से हराया था। इस टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार हो रहा था और भारत इस वैश्विक टूर्नामेंट को जीतने में सफल रहा। भारत ने नेपाल को पांच विकेट पर 114 रन पर रोक दिया था। जवाब में टीम ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम का फाइनल में ऐसा दबदबा रहा कि नेपाल की टीम अपनी पारी में सिर्फ एक बाउंड्री ही लगा सकी। भारत के लिए फाइनल में सबसे ज्यादा रन फुला सारेन ने बनाए। वह 44 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने पाकिस्तान को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इस टूर्नामेंट की सह-मेजबान श्रीलंका शुरुआती दौर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीत सकी थी। टीम ने अमेरिका को हराया था। पाकिस्तान की मेहरीन अली छह टीमों के बीच खेले गए इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने 600 से ज्यादा रन बनाए जिसमें श्रीलंका के खिलाफ 78 गेंदों पर 230 रन बनाना शामिल है। मेहरीन ने इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 133 रन बनाए थे।